हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

10 सच्ची भक्ति दिखावे में नहीं, बल्कि माता-पिता की...

12 श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ में निकाली ...




# पंपलेट में ग्राम्य दूध को बताया गया दूषित, पशुपालकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

एक कंपनी दूध डेरी द्वारा विगत दिनों एक पेंपलेट प्रकाशित करवाकर राजधानी रायपुर में घरों घर पंपलेट छपवाकर बताया जा रहा है। जिसमें यह बताने की कोशिश की जा रही है कि गांव से जो दूध बेचने आ रहे हैं, उनके दूध को मत खरीदो क्योंकि उनकी गाय जमीन में बैठी है वह दूध दूषित होता है, गाय गंदा तथा दूषित वातावरण में रहती है, दूध दुहने का स्थान अस्वच्छ होता है, गंदे तथा जंग लगे डब्बे में दूध रखा जाता है, दूध में दूषित पानी की मिलावट होती है, साथ ही खुला हुआ असुरक्षित वितरण करता है, दूध मक्खी एवं दूषित वातावरण में दूध होता है तथा उसे दूध को ना खरीदें इस कृत से संपूर्ण पशुपालकों में भारी नाराजगी है। गांव से इस रैली के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है राम सागर वार्ड भाटापारा से महेश्वर यदु कृष्ण यदु सुखदेव यदु भीखम यदु,ग्राम तुरमा खिलावन यद फरदा से भोला यदु विनोद यदु ग्राम सिनोधा नारायण यदु आम कोनी से थानूराम यदु सूरजपुर से राज यदु ग्राम तरंग अक्षय यदु, गोपी यदु ग्राम रोहरा से राजा यदु, नंदू यदु गोरद्दी से जय गोपाल यदु , भौतिडीह से मोनू यदु कुकरछुड़ा से ईश्वर यदु लेखराम यदु पशिद अजय यदु शांति नगर भाटापारा से दिलेश्वर एवं रमेश यदु मुंशी स्माइल वार्ड रोशन यदु सोन यदु देवा यदु बीजाभाट से हीराधर यदु, मनीष यदु, भारी संख्या में समाज के प्रमुख उपस्थित रहे।

## दूध डेरी के भ्रामक पंपलेट से भड़के पशुपालक



### 24 को भाटापारा में विशाल रैली का ऐलान

इसी संदर्भ में बिलासपुर रायपुर भाटापारा बलौदा बाजार क्षेत्र में पशुपालकों की बैठक होने लगी है इसी क्रम मे भाटापारा में पशुपालकों की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में उक्त कंपनी की निंदा की गई तथा निर्णय लिया गया कि आगामी 24 दिसंबर को भाटापारा सहारा देव स्थल से पशुपालकों की एक विशाल रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय भाटापारा पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पशुपालन मंत्री तथा कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सोपा जाएगा इस बैठक में सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु संगठन के मंत्री सुरेश यदु तहसील अध्यक्ष भीखम यदु समाज के सचिव सुखदेव यदु सहित सामाजिक प्रमुख उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा इंजन जलकर खाक

**पलारी।** थाना गिधपुरी के क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जुनवानी (भ) में रविवार की एक घटना में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरकर पलट गई और खेत में पड़े हुए धान की भूसे से गाड़ी का इंजन से डीज़ल लीक होने से आग लग गई जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह से जल गई है, राहत की बात रही कि चालक ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई है। घटना मामले में गिधपुरी पुलिस जांच में जुट गई है।

### कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को किया सहायक उपकरण वितरित



**बलौदाबाजार** । छ.ग. छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने 4 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया। सहायक उपकरण मांग आवेदन अनुसार रसेटा निवासी गायत्री साहू पिता मनीराम साहू को हस्त चलित ट्रायसायकल,विकासखंड कसडोल के बलौदा निवासी दिनेश कुमार कर्ष पिता रामेश्वर कर्ष को बैसाखी, समा बेगम पति मोहम्मद रहिस को श्रवण यंत्र एवं राजकुमार पटेल पिता महेत्तर पटेल को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम पश्चात दिव्यांगजनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खरोरा में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि गुरु घासीदास के सिद्धांत मुख्य रूप से मनखे-मनखे एक समान पर आधारित हैं, जो सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और अंधविश्वास से मुक्ति का संदेश देते हैं, जिसमें उनके सप्त सिद्धांत प्रमुख से शामिल हैं। जैसे सतनाम में विश्वास, मूर्ति पूजा का खंडन, जातिवाद का त्याग, जीव हत्या न करना, नशा न करना, नारी सम्मान, और पशु कल्याण है।

**प्रवचन : खाद्य मंत्री दयालदास बघेल व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा रहे उपस्थित**

# राम जन्मोत्सव में मची धूम, पुष्प वर्षा और बधाई गीतों से गूंजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में दशहरा मैदान में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा में प्रभु श्रीराम के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति-भाव से सराबोर हो गया और "भए प्रगट कृपाला दीनदयाला" के गगनभेदी जयघोष से दशहरा मैदान गूंज उठा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों मंत्रियों ने व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पूज्य दीदी देवी श्री चंद्रकला जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य आयोजक पुष्पराज वर्मा एवं आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजक पुष्पराज वर्मा ने बताया कि स्व. सोनचंद वर्मा जी की स्मृति को धर्म, सेवा और जनकल्याण से जोड़ना ही फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। सप्तदिवसीय श्रीराम कथा में प्रतिदिन बलौदाबाजार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के समापन पर महाआरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान आकाश से पुष्पवर्षा की गई, बधाई गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकी ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूरा दशहरा मैदान मानो साक्षात अयोध्या धाम में परिवर्तित हो गया।



### आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हैं ऐसे आयोजनः राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा क्षेत्र को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हैं। वहीं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताया।

### मार्गदर्शन के लिए हुआ रामावतार

कथा व्यास पूज्य दीदी देवी श्री चंद्रकला जी ने प्रभु श्रीराम के अवतार प्रसंग का भावपूर्ण और सजीव वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, संतों पर अत्याचार होता है और मानवता संकट में पड़ती है, तब-तब भगवान भक्तों की रक्षा के लिए मानव रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई "जब-जब होहिं धरम कै हानी, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी" का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम का अवतार केवल अधर्म के नाश के लिए नहीं, बल्कि समाज को मर्यादा, करुणा और प्रेम का मार्ग दिखाने के लिए हुआ।



# शिवरीनारायण पहुंचीं सीएम साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी टेंपल सिटी शिवरीनारायण धर्म एवं आस्था की पावन धाम पहुँची, जहाँ नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। कौशल्या देवी ने पावन गंगा–महानदी संगम में नौका विहार किया तथा भगवान शबरी नारायण एवं लक्ष्मणेश्वर महादेव के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

- गंगा–महानदी संगम में किया नौका विहार, देवालयों में की पूजा

इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक नगरी शिवरीनारायण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भूमि आस्था की धरोहर हैं और इसके अनुरूप यहाँ विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ने चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वचन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पावन महानदी की आरती में सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित भव्य महाआरती, आकर्षक आतिशबाजी एवं धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धा, आस्था और उत्साह से ओतप्रोत यह संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं शांत वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, महामंडलेश्वर डॉक्टर राजेश्री महंत राम सुंदर दास महाराज, मां प्रज्ञा भारती, मुख्तियार सुखराम दास ,नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, उपाध्यक्ष सरस्वती मिलाप साहू, न.प.अध्यक्ष गोविंद यादव खरौद, जिला महामंत्री विष्णु हरि गुप्ता, लोकेश शुक्ला, सत्यभामा साहू अंकुर गोयल, बुद्धेश्वर केशवानी, संजीव बंजारे, समीर वैष्णव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



अंचल में कड़ाके की ठंड बढ़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गए हैं। ग्रामीणों ने सड़क किनारे अलाव जलाकर सहारा लिया जा रहा हैं। ठंड के दिनों में आग मोहनी दवाई कहलाता हैं। दिनचर्या बदल गया हैं। पौष मास में कड़ाके की ठंड बढ़ने से ग्रामीणों ने सुबह और शाम को अलाव तापते नजर आ रहे हैं। शाल स्वेटर जर्सी पहनकर बाहर घूमने निकलते हैं। बस स्टैंड स्थित में गोरसी में आग जलाकर सहारा लिया जाता हैं। ठंडी हवाएं चलने से कंपकंपी आता हैं। हांथ पैर ठिठुरने लगा है। सड़क किनारे होटलों में सुबह ग्रामीणों ने चिपके रहते हैं। होटलों में सुबह आग जलाकर चाय बेचते हैं और उसी दौरान ग्रामीणों ने अपने अपने हाथ पैर ठिठुरने से कई किया जाता हैं। ठंडी हवाएं चलने से सर्दी खांसी सिर दर्द से ग्रामीण परेशान होते हैं। तापमान में आया गिरावट मौसम का मिजाज बदलने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया हैं। इन दिनों तापमान बदलाव आने के कारण ठंड पड़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गए हैं। शाम को जरूरत पड़ने पर घर से बाहर निकलते हैं। अपने अपने घरों में ग्रामीणों ने दुबके रहते हैं।

### मॉर्निंगवॉक से मिल रही राहत

आजकल धूप भी नार्मल ही रहती हैं। जिसके चलते अंचल में कड़ाके की ठंड बढ़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं। अल सुबह ठंडी हवाएं चलने से कड़ाके से ठंड लगने से गर्म कपड़ों का डिमांड बढ़ गया है। सुबह-सुबह गरम-गरम चाय पीने से आनंद मिलता हैं। अलसुबह मॉर्निंग वॉक पैदल चलकर योग व्यायाम शरीर का अपने दुख दर्द सब मिट जाता हैं, पैदल चलने से मुनाफा होता हैं। ग्रामीणों प्रतिदिन सुबह और शाम को एक से दो किलोमीटर तक पैदल चलकर योग व्यायाम शरीर स्वस्थ रखने के लिए जाते हैं । मॉर्निंग वॉक बच्चों, युवाओं और महिलाओं, बुजुर्ग लोगों ने मॉर्निंग वॉक में सुबह और शाम बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है ।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
ऑन लाईन स्पेशल ₹699 एवं उससे अधिक वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड
3 बेडशीट ₹449 में
size 140 cm x 190 cm


अविश्वसनीय रेट ऑफर...
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
सिटी सेंटर, भाटापारा
5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
*condition apply

# 19 से 29 जनवरी 2026 तक होगा ग्यारह दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ

## यज्ञ समिति के सदस्यों की बैठक में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के हृदय स्थल यज्ञ परिसर दशहरा मैदान में प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले महायज्ञ के संबंध में धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति के सदस्यों ने बैठक की जिसमें यज्ञाचार्य पं.द्वारिका प्रसाद शास्त्री ने माघ शुक्ल प्रतिप्रदा सोमवार 19 जनवरी 2026 से माघ शुक्ल एकादशी गुरुवार 29 जनवरी 2026 के दौरान यज्ञ अनुष्ठान का शुभ मुहूर्त मे संपन्न कराने का विचार रखा।

जिसे कुशलता पूर्वक संपन्न कराने की सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि बलौदाबाजार नगरवासियों व्यवसायियों राइसमिलरों जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों एवं धर्म प्रेमियों के सहयोग से लगातार पांच वर्षों से बलौदाबाजार की पावन धरा पर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जो ग्यारह दिनों तक संपूर्ण विधि विधान कथा भजन संध्या प्रवचन गीत संगीत झांकी कलश एवं शोभायात्रा के साथ संपन्न होता है एवं हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी सम्मिलित होकर इस विश्व कल्याण के लिए आयोजित महा अनुष्ठान का लाभ प्राप्त करते हैं।इस वर्ष यह महायज्ञ परम श्री रामभक्त महाबलशाली चिरंजीव भगवान हनुमान जी को समर्पित है इस बार श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन समिति के द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है।



### पक्के यज्ञशाला का भी हुआ निर्माण

यज्ञ स्थल में समिति के सदस्यों की मांग पर बलौदाबाजार विधायक एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा एक सभागार का निर्माण भी कराया जा रहा है जिससे की इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने मे किसी प्रकार की दिक्कत ना हो एवं समिति के सदस्यों ने नगरवासियों से प्राप्त सहयोग राशि से पक्के यज्ञशाला का निर्माण भी कराया है। जिससे की धार्मिक अनुष्ठान में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। समिति के सदस्यों ने सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों से प्रत्येक वर्ष की भांति ही सहयोग की अपेक्षा करते हुए इस परम कल्याणकारी दिव्य अनुष्ठान को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में समिति के अध्यक्ष विवेक आनंद तिवारी, उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, सचिव सपन केशरवानी, सहसचिव आशीष मिश्रा, विनय गुप्ता, कोषाध्यक्ष लक्षमेंद्र अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष संजयनारायण केशरवानी, संरक्षक अशोक कुमार तिवारी, श्यामसुंदर केशरवानी, प्रेमनारायण केशरवानी, प्यारेलाल सेन,सुरेंद्र जायसवाल प्रमोद शुक्ला के.एस. तिवारी व्यवस्थापकगण शिवप्रकाश तिवारी, कृष्णानंद अग्रवाल, महेश ठाकुर, नवनीत अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीलम दीक्षित, बाबू शुक्ला, संतोष वैष्णव, गजेन्द्र देवांगन, अमित केशरवानी, अरविंद मिश्रा, दीप बाजपेयी, राजेश साहू, राजेश केशरवानी, वासुदेव ठाकुर,आयुष बरनवाल, हेमंत वर्मा एवं अभिषेक तिवारी सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में मनाया गया गणित दिवस

**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को 22 दिसंबर गणित दिवस बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वप्रथम कक्षा 11वी के गणित के विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर गीत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों ने के बीच करवाई गई। जिसके विजेता येलो हाउस की पूर्वी साहू एवं संध्या यादव को कलर पेंसिल सेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा आठवी एवं नवी के छात्रों के बीच मैथेमेटिक्स की फन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रेड हाउस से सेजल पंडा एवं हितेश यादव को ज्योमेट्री बॉक्स पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा 10वी, 11वी एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें ग्रीन हाउस के ज्योत्सना शर्मा, उन्नति दुबे, मनीष दीवान, और ऋतिका चंद्राकर विजेता बने, जिन्हें पेन सेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य एवं व्याख्याता मनीषा अग्रवाल एवं गोविंद सिंह ठाकुर रहे।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

महासमुंद। पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

### शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

नरा। रविवार को ग्राम पंचायत भवन परसुली परिसर में शून्य से पां वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाई गई। इसका शुभारंभ सरपंच जलसिंह चक्रधारी ने पोलियो ड्रॉप बच्चे को पिलाकर किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि देवेंद्र चक्रधारी, परमेश्वर पटेल,पुरन पटेल, मितानिन एसन पटेल, देवकी पटेल, कलावती चक्रधारी, आरएचओ पदमन साव आदि मौजूद रहे।

### खरोरा में बच्चों को पिलाई गई दवा

महासमुंद। ग्राम पंचायत खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, जीतू मानिकपुरी, महेंद्र सूर्यवंशी, मनु चंद्राकर, संतोषी पटेला, हीराबाई चंद्राकर, लता चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर आद मौजूद रहे।

### तुमगांव में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड क्रमांक 4 में 22 दिसंबर से शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक कमलेश प्रसाद दुबे कांपा होंगे। कथा प्रसंग 22 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महात्मा, 23 को शिवलिंग उत्तपत्ति एवम सृष्टि निमार्ण, त्रिवेदी वर्णन कथा, 24 को सती चरित्र, सती देहत्याग, शिव पार्वती कथा, 25 को शिव पार्वती विवाह, गणेश कार्तिकेय तथा गृहस्थ धर्म कथा, 26 को गुननिधि कथा, त्रिपुर सुंदर वर्णन, 27 को गजासुर, भस्मासुर वध की कथा, 28 नंदी अवतार, हनुमान जन्म, चढ़ौत्री एवम शोभायात्रा, 29 को रुद्राभिषेक, हवन पूर्णाहुति एवम महाप्रसादी वितरण होगा।

## प्रवचन : बालविदुषी ने प्रस्तुत की भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं

# सच्ची भक्ति दिखावे में नहीं, बल्कि माता-पिता की सेवा में: अनन्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम सकलोर (हिरमी) में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पाँचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं स्वर्गीय सुरूज बाई वर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राष्ट्रीय कथा वाचिका बालविदुषी अनन्या शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण और जीवंत वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान बालविदुषी ने चंद्रमा की जिद का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार नन्हे कान्हा ने चंद्रमा को खिलौना समझकर पाने की हठ की।

इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बाल सुलभ निष्कपट भाव और भगवान की लीला शक्ति को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात ब्रह्ममोह लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब ब्रह्मा जी ने ग्वाल-बालों और बछड़ों को चुरा लिया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक रूप धारण कर अपनी सर्वव्यापकता और दिव्यता का परिचय दिया। अनन्या शर्मा ने कथा को केवल पौराणिक प्रसंगों तक सीमित न रखते हुए उसे वर्तमान जीवन से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति दिखावे में नहीं, बल्कि माता-पिता की सेवा, सदाचार और विनम्र व्यवहार में निहित है।

धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहना आवश्यक है, लेकिन अहंकार से दूरी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने गौ-सेवा को भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्यक्ष सेवा बताया।





### भक्तिरस से सराबोर हुआ पंडाल

कथा के दौरान प्रस्तुत संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और संपूर्ण पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य निरंतर सक्रिय रहे। आयोजक मंडल ने जानकारी दी कि कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य रासलीला एवं रुक्मणी विवाह का भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा, साथ ही आकर्षक झांकी और विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

# धोबी समाज ने मनाई संत गाडगे की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि 20 दिसंबर को समाज के लोग अनुयायी और विभिन्न संस्थाएं हर साल बड़े उत्साह से मनाते हैं। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार जिला धोबी समाज के पदाधिकारियो ने महान समाज सुधारक एवं स्वच्छता अभियान के जनक समाज के इष्ट देव संत गाडगे जी महाराज की 149वी पुण्यतिथि सामाजिक भवन में मनाई। सामाजिक पदाधिकारियो ने संत गाडगे जी महाराज की छायाचित्र पर फूल माला चढ़ाकर और नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके योगदान पर चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक ने संत गाडगे बाबा को याद करते हुए कहा कि आधुनिक भारत को जिन महापुरुषों पर गर्व होना चाहिए उनमें संत गाडगे बाबा का नाम सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि बाबा गाडगे हमेशा शिक्षक को सर्वोपरि मानते थे और कहते थे अगर पैसों की तंगी हो तो खाना बनाने के बर्तन बेच दो लेकिन बच्चों को शिक्षा देना मत छोड़ो। उनका यह संदेश समाज को जागरूक करने और अंधविश्वास को खत्म करने के लिए था। जनपद सभापति अश्विनी रजक जिला प्रवक्ता अरुण कनौजे ने कहा कि संत गाडगे बाबा समाज के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने हमेशा समाज में समानता एकता और भाईचारे की बात की। गाडगे बाबा जब भी किसी गांव में जाते तो वहां की गटर और रास्तों की सफाई कर देते थे। हुए अपने कीर्तनो के माध्यम से समाज कल्याण और लोकोपकार का संदेश फैलाते थे।

# एजेंसियों के दुरुपयोग पर दिल्ली कोर्ट सख्त: अंकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा विगत दिनों जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग मामले में भाजपा कार्यालय घेराव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्र की भाजपा सरकार की जांच एजेंसी ईडी द्वारा दुर्भावना पूर्ण लगाए गए 2000 करोड़ के धन शोधन और अवैध संपत्ति के मामले को जबकि नेशनल हेराल्ड अखबार की कुल संपत्ति ही 364 करोड़ रुपए के आसपास की है को चलने योग्य केस नहीं मानये हुए सुनने से इनकार कर दिया।

अंकित ने बताया ये द्वेष प्रेरित बिना अधिकार क्षेत्र के केंद्र की सत्ता के दबाव में लगाया गया इल्जाम था, जिसकी हवा निकल गयी। अंकित ने बताया कि इसमें सबसे बड़ी बात ये है कि ये केस जून 2021 में ईडी द्वारा दर्ज किया गया। जबकि, इसकी शिकायत 2014 से भाजपा के सांसद सुब्रमण्य स्वामी करते आये थे, जिसके जवाब में 2014 से 2021 के बीच की अपनी फाइलों में ईडी और सीबीआई दोनों ने लिखा था कि इसमें प्रेडिकेट ऑफेंस नहीं बनता है और तो और इसमें किसी प्रकार के अवैध पैसे का मूवमेंट नहीं हुआ है और ना ही अचल संपत्तियों का स्थानांतरण हुआ है तो फिर भ्रष्टाचार हुआ कहां। अंकित ने कहा कि जो भी मजबूत विपक्षीय नेता भाजपा में शामिल नहीं हो जाता उस पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर उसे परेशान किया जाएगा।

# कांग्रेस का मनरेगा कानून निरस्त करने के विरोध में धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा के नेतृत्व में केंद्र के भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त कर नए कानून बनाए जाने के विरोध में स्थानीय राजीव गांधी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- मनरेगा अधिनियम पर भाजपा सरकार की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को केंद्र के मोदी सरकार द्वारा निरस्त किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे, अमर मंडावी ब्लॉक अध्यक्ष, भुवनेश्वर वर्मा, संतोष तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व की डॉ मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा गरीबों मजदूरों के विषय में संवेदनशील निर्णय लेते हुए करोड़ों लोगों को रोजगार प्रदान करने हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून बनाकर इस मजदूर के हित के लिए कार्य किया। जिसमें मजदूरों के लिए 100 दिन की रोजगार गारंटी का कानून बनाया जिसे भाजपा की मोदी सरकार द्वारा निरस्त कर महात्मा गांधी के नाम को बदलकर राष्ट्रपिता के नाम का अपमान किए जाने का कृत्य किया जा रहा है।

पूर्ववर्ती केंद्र की यूपीए सरकार द्वारा गरीब मजदूर के लिए कई योजनाएं बनाई गई जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक 3 किलोमीटर में प्राइमरी स्कूल प्रत्येक 5 किलोमीटर में मिडिल स्कूल की स्थापना कराए जाने के कार्य किया गया जिससे देश के हर बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके। कांग्रेस के नेतृत्व की यूपीए सरकार ने देश के करोड़ों लोगों को भोजन का अधिकार प्रदान किया जिससे आज हर कमजोर एवं आम लोगों के घरों में चावल पहुंच रहे हैं साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए 108 वाहन की व्यवस्था बनाई, जेनेरिक मेडिसिन, सस्ते दवाओं की व्यवस्था भी कांग्रेस नेतृत्व के यूपीए सरकार ने बनाई। वक्ताओं ने आगे कहा कि आज पूरे विश्व में महात्मा गांधी का नाम आदर पूर्वक लिया जाता है गांधी जी का विश्व में भारत के पहचान के रूप में नेतृत्व देते हैं किंतु केंद्र की मोदी सरकार उनके नाम से बनी महत्वपूर्ण मनरेगा कानून को निरस्त करने का द्वेष पूर्ण कार्य कर रही है जो की निंदनीय है।

**ये रहे उपस्थित:**धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, सुनील कुर्रे, अरुण यदु, दयाराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, पार्षद सलमान शेख, डिगेशवरी, रविंद्र, नामदेव, धर्मेंद्र वर्मा, मनोज प्रजापति, गणेश शंकर साहू, अविनाश मिश्रा, लखेश साहू, गोल्डी मारिया, भगवती वर्मा, प्रवीण धुरंधर, प्रेमलता बंजारे, कालिंद्री वर्मा, भानु प्रताप वर्मा, चंदन साहू, नरेंद्र छतरी, कमल पटेल, विश्वनाथ द्विवेदी, सुखदेव साहू, सूर्यकांत वर्मा, प्रवीण सेन, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, अजय भारती, नरेंद्र डहरिया, हेमंत वर्मा, खिलावन जायसवाल, द्वारका निर्मलकर, अंजली भारती, राहुल नेगी, बरातु ध्रुव, गुलाब यदु, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## किसान को 40 हजार की अतिरिक्त वार्षिक आमदनी

# डबरी बनी आजीविका का स्थाई साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण से न केवल जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। डबरी निर्माण के बाद नियमित आय प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है जिससे डबरी आजीविका की स्थायी साधन बन गई है।

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खरतोरा निवासी पुनीत राम पिता हिरमत ने अपनी कृषि भूमि में आजीविका डबरी का निर्माण कर लगभग 40 हजार रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आमदनी अर्जित की है। पुनीत राम को ग्राम पंचायत की बैठक में जानकारी मिली कि



महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत छोटे किसानों की निजी भूमि पर आजीविका डबरी का निर्माण किया जाता है। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपनी 3 एकड़ कृषि भूमि में डबरी निर्माण का निर्णय लिया और ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात उनके खेत में 1 लाख 83 हजार रुपये की लागत से डबरी स्वीकृत हुई और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया गया। डबरी निर्माण कार्य के दौरान 35 जॉब कार्डधारी परिवारों के 167 श्रमिकों को रोजगार मिला जिससे कुल 894 मानव दिवस का सृजन हुआ।

### नरेगा से बदला किसान का जीवन

डबरी निर्माण के पश्चात पुनीत राम ने धान की फसल के बाद उद्यानिकी फसलों के रूप में मूली, लाल भाजी एवं मिर्च की खेती की। इससे उन्हें लगभग 20 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हुई। साथ ही उन्होंने डबरी में मछली पालन के लिए मछली बीज का संचयन किया जिससे मछली पालन से भी लगभग 25 हजार रुपये की अतिरिक्त आय हुई। आजीविका डबरी ने पुनीत राम के लिए आय का स्थायी एवं मजबूत आधार तैयार किया है। उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है जो महात्मा गांधी नरेगा योजना के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

# गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों ने दुलदुला बनसांकरा गौठान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रविवार को गौ सेवा आयोग बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष विजय साहू विकासखण्ड अध्यक्ष गगन तिवारी, सदस्य- एवन साहू, भोजराम साहू, एवं गौ सेवक वेदप्रकाश भारद्वाज के द्वारा ग्राम दुलदुला में पैरा भंडारण, बिजली व्यवस्था, एवं बाउंड्री नहीं मिला।

जिसके बारे में प्राप्त आवेदन में संबंधित महिला समूह में कॉल के माध्यम से निरीक्षण की सूचना दी गई एवं इसके निर्माण की व्यवस्था की बात की गई एवं बनसांकरा ग्राम पंचायत में स्थित गौ धाम का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे बनसांकरा गौधाम में अव्यवस्था पायी गई जिसमें मृत गौ वंश पास के ही खेत मे पड़ी मिली जिसे कुत्तो के द्वारा नोच कर खाया जा रहा था एवं 2 -3 जगह गौ वंश के पैर एवं जगह-जगह हड्डियां पायी गई जिस पर गगन तिवारी एवं सदस्यों के द्वारा अंतिम संस्कार कर मिट्टी देने की बात कही गई एवं भोजन हेतु पैरा भंडारण के व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, जो कि वहाँ नही दिखी, मौके पर बनसांकरा सरपंच राहुल ठाकुर गौ धाम में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दे रहे आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** किराना दुकान में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बेमचा का जितेंद्र बेलदार अपने किराना दुकान के सामने आने जाने वाले लोगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पार्टी को देखकर शराब सेवन कर रहे व्यक्ति भाग गये और वहां संचालक जितेंद्र बेलदार पिता राज कुमार बेलदार (42 वर्ष) वार्ड नं 09 बेमचा उपस्थित मिला, जिसने पूछताछ में अवैध लाभ अर्जन करने के आशय से लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 02 नग देशी मसाला शराब बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आब. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई जारी, 860 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बीती रात एवं आज अलग अलग प्रकरण में कुल 860 कट्टा धान जब्त की गई है। तहसील सरायपाली के ग्राम चिउराकुटा में ओडिशा से अवैध रूप से परिवहन कर डंप किए गए 70 कट्टा धान को जब्त कर थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में बीती रात कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम नर्रा में 200 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम बम्हनी में गोयल ट्रेडर्स के गोदाम में 600 कट्टा धान का अवैध भंडारण पाया गया। उक्त धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया गया है। संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी सतत एवं कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय हिंदू बहिनी संगठन की हुई बैठक



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में राष्ट्रीय हिंदू बहिनी संगठन की बैठक हुई। जिसमें मोहनी शर्मा प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, मंजू लता शर्मा जिला मंत्री, सुरेखा शर्मा मीडिया प्रभारी, बबली तारक सदस्य, प्रतिभा यदु प्रवक्ता, प्राची चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग महिला का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर के दलदली मार्ग स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिला जानकी बाई यादव पति स्व. रूपलाल का जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान देहावसान हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने किया। जिसमें राजू चंद्राकर, डा. जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संतोष साहू, एजाज नकवी, संजय साहू, मनोज पटेल, गुमान जैन आदि मौजूद रहे।

## अभियान : पोलियो की खुराक पिलाना है जरूरी, दो बूंद - हर बार

# दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का जैन ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अशोक जैन अध्यक्ष, नगर पालिका बलौदाबाजार ने नवजात एवं शिशुओं को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई।

अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि "दो बूंद जिंदगी" हर बच्चे के सुरक्षित भविष्य की कुंजी है, और 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इस बात का सभी को ध्यान रखना है, पल्स पोलियो की दवाई छोटे बच्चो के लिए इम्यूनिटी बूस्टर का काम करती है, कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के निर्देशन में पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है।




### भीषण ठंड के बावजूद दिखा जनसहभागिता का उत्साह

सुबह-सुबह कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में अभिभावक अपने छोटे बच्चों को लेकर पोलियो बूथ/स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे और दवाई पिलाई गई। अभिभावकों में पोलियो के प्रति जागरूकता और बच्चों के स्वस्थ भविष्य को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जिससे अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता का सकारात्मक संदेश मिला। टीकाकरण कार्यक्रम में अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार, पूर्व मंडी सचिव व भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, डॉ. राजेश कुमार अवस्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक वर्मा सिविल सर्जन, डॉ. के. के. टेभूरने जिला टीकाकरण अधिकारी, सृष्टि मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पारस साहू जिला सलाहकार सहित मितानिन दीदियाँ, स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ, स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुंडा में 321 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**मुंडा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 दिसंबर दिन रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व की जानकारी भी दी और अधिक से अधिक बच्चों को दवा पिलाने की अपील की। पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है।

वही जो बच्चे 21 दिसंबर को पोलियो की दो बूंद दवा पीने से वंचित हुए उन्हें स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के द्वारा अगले दो दिनों यानी 22 और 23 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएगी। मुंडा उप स्वास्थ्य केंद्र में 399 बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक पिलाने का लक्ष्य था जिसमें 321 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। मुंडा में पल्स पोलियो का सरपंच शशिकला पांडेय के द्वारा किया गया। इस दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कुमारी निशा साहू मितानिन संतोषी वर्मा, सरोजनी वर्मा, दसवंतीन वर्मा, सरोजनी विश्वकर्मा उपस्थित थी।




इसी तरह मल्लीन में 80 बच्चों को पिलाने के लक्ष्य में 68 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। जहां मितानिन प्रशिक्षिका रश्मि साहू पंच कलीराम साहू मितानिन सुनीता साहू शोभित साहू एवं ग्रामीण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## 3 दिन तक पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय संघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से 3 दिन तक किया जाएगा जिसके दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है वही ग्राम पंचायत टेहका में कुल 155 बच्चों को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत दवा पिलाई गई जिसमें बच्चों को उत्साह देखा गया एवं सुबह से ही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे दवाई पीने के लिए पहुंच गए। वही छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर मितानिन एवं कार्यकर्ता दवा पिलाई जाएगी। टीकाकरण पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में विशेष रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा साहू मितानिन, सावित्री पाटे, जमुना बाई साहू, सीताबाई साहू, गांव के गण मान्य नगरीकरण एवं मीडिया प्रकोष्ठ नंदकू उपस्थित थे।



## अंचल में बच्चों को दी पल्स पोलियो की खुराक

**पलारी।** सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत अंचल में 21 दिसम्बर रविवार को 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई, कोई भी बच्चा न छुटे इसके लिए बूथ बनाकर, बस स्टैंड या सार्वजनिक स्थलों पर मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ के जरिये पोलियो की दवा दी गई। ग्राम पंचायत बिनौरी उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवाई पिलाया गया जिसमें कोई बच्चा दिव्यांग न हो। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी पलारी डॉ, पंकज वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, डॉ अजय कुमार साहू आरएचओ एवं वैक्सीन शाखा प्रभारी पलारी, सरस्वती साहू सीएचओ, कल्पना साहू एएनएम, मितानिन गण संतोषी वर्मा, किरण रात्रे, लखेश्वरी फेकर, ईश्वरी कुर्रे, रंभा कुर्रे, कृष्णी वर्मा उपस्थित रहे।




### पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत

सिमगा। पल्स पोलियो अभियान के तहत आज ग्राम ओटगन में सरपंच हिमांशु तिवारी ने आंगनबाड़ी में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान की शुरुआत किया। उन्होंने ग्रामीणों से इस राष्ट्रीय अभियान में शामिल होकर अपने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को होने वाले विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए पोलियो ड्रॉप पिलाने अपील किया।

## नगर भटगांव के बच्चों ने पिया पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज भटगांव । भटगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने प्राथमिक शाला भटगांव बी में पोलियो की दो बूंद पिलाकर भटगांव में शुभारंभ किए इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि कुमार जायसवाल भी उपस्थित रहे बाद में सीएमएचओ ने नगर के 4 और बूथ का निरक्षक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उन्होंने चुरेला, दुमहानी, पवनी, मलदी, पुरगाव के बूथ का अवलोकन कर सभी टीकाकरण कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए जिसमे टीका की रखरखाव, वीवीएम को कैसे देखे कब तक पोलियो ड्रॉप पिलाई जा सकती है, इसके अलावा कल से घर भ्रमण करेंगे तब हमारी प्लानिंग गाइडलाइन के अनुरूप होना चाहिए जिसके लिए प्रपत्र प्रदान किए गए है तदानुसार समझ कर उसे भरेंगे साथ में घर के बाहर दिवाल पर एक मार्किंग किया जाना है इसे कैसे प्रदर्शित करना है टीम को समझाया गया । जहा बच्चे पोलियो ड्रॉप पी चुके रहेंगे तब घर के बाहर पी लिखेंगे जबकि सभी बच्चे पोलियो ड्रॉप नहीं पिए रहेंगे तब घर के बाहर एक्स लिखेंगे पी वाले घरों की सत्यापन पर्यवेक्षक करेंगे जबकि एक्स घरों में टीमर घर भेंट कर उसे पी में परिवर्तित करेंगे, योजना है 0 से 5 वर्ष के एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप पिलाने से वंचित नहीं होना चाहिए याद रहे भारत वर्ष 27 मार्च 2014 से पोलियो मुक्त देश बन चुका है लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के प्रकरण मिलने के कारण खतरा बना हुआ है इस कारण ऐतिहात के तौर पर देश के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक दी जा रही है जिले के तीनों विकासखंड में निगरानी के लिए अलग अलग टीम बनाई गई थी सभी जगह अधिकारियों ने भ्रमण कर वस्तुस्थिति को देखा है एवं जरूरी निर्देश, मार्गदर्शन प्रदान किए है।




### इनकी रही अहम सहभागिता

अभियान में मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वास्थ्य संयोजक महिला जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल शिक्षा विभाग संजीव राजेत्री पुरुष, सीएचओ, पर्यवेक्षक, आरएमए, एमओ एवं बीएमओ के साथ साथ डीआईओ डॉ रितेश सेन, डीएएम मनोज साहू, प्रधान पाठक पंकज दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप केशरवानी, नंदलाल इजारदार ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई है ।

## नशा मुक्ति अभियान के लिए बच्चों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई जाने वाली शपथ का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों के साथ साथ लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत टोनाटार में भारत माता वाहिनी समूह की महिलाओं के द्वारा गांव के पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को नशापान से दूर रहने शपथ दिलाई गई और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

भारत माता वाहिनी समूह की अध्यक्ष मंजू वर्मा ने कहा कि हम सभी को मिलकर बच्चों युवाओं एवं नागरिकों को नशे की लत से बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। हमें अपने घर परिवार और समाज में व्याप्त नशे की बुराई के विरुद्ध व्यापक तौर पर अभियान चलाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर इस बुराई को जड़ से खत्म कर आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छे भविष्य का निर्माण करना है। इसी तरह पंचायत भवन में भी ग्राम पंचायत सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले के द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।



**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे, महाजन साहू, तुलाराम वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, दुर्गा ध्रुव एवं भारत माता वाहिनी समूह की सचिव लक्ष्मी वैष्णव, सरस्वती वर्मा, सुभद्रा रजक, शिवकुमारी, रमा ध्रुव, जमुना बाई, भगवंतीन बाई, मिथिला, लक्ष्मी वर्मा, राधिका जायसवाल, प्यारी वर्मा, पंच प्रतिनिधि रूपनारायण रजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सतरूपा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## दौलत राम शर्मा महाविद्यालय कसडोल का एनएसएस का विशेष शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्वर्गीय दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल, जिला–बलौदाबाजार-भाटापारा छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा "नशा मुक्त समाज के लिए युवा" थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत टेमरी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में 20 से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

■ नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी




शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशा उन्मूलन एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इनमें नशा मुक्ति जागरूकता रैली, व्याख्यान कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन, तथा ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देना प्रमुख रूप से शामिल है। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना तथा ग्रामीण अंचल में सामाजिक चेतना का विस्तार करना है। महाविद्यालय प्रशासन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक पूरे उत्साह, अनुशासन और सेवा भाव के साथ शिविर को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

**ये रहे उपस्थित:** शिविर के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत टेमरी की सरपंच लक्ष्मी पैकरा, प्रधानपाठक जगदीश पटेल, जीवन यादव, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीआर साहू, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी केके बर्मन, केके देवांगन सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायी कदम बताया।

### महिलाओं को वन संरक्षण और औषधीय उत्पाद प्रशिक्षण भी दिया गया

## चित्रकला प्रतियोगिता और वन उत्पाद पर धमनी में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विगत दिनों वनग्राम धमनी के हाई स्कूल भवन में जैव विविधता रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के 60 छात्र- छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र -छात्राओं की प्रविष्टियों का अवलोकन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने जल जंगल जमीन और बढ़ते प्रदुषण के प्रभाव को अपनी रंग बिरंगे चित्र के माध्यम से वन पर्यावरण के प्रति अपने विचार को चित्रों में दर्शाते हुए पौधे लगाओ बचाओ पर्यावरण को शुद्ध बनाओ /सुरंग बना कर सोना बाहर लाओ। /वन्यप्राणी संरक्षण कर प्राकृतिक धरोहर को बचाओ /माँ के नाम एक पेड़ लगाओ आदि नारा लेखन सहित प्रविष्टियों को वन विभाग से आई प्रशिक्षु रेंजर सिमरन साहु को जमा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में छाल बीज का उपयोग करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव, जनपद सदस्य पूर्व बिहस कुमार कलिहारी, चंद्र कुमार पैकरा, रामनारायण यादव सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

■ जैव विविधता रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संदेश चित्रित किए



### कोचिला अर्जूना छाल के चुर्ण बनाने की दी गई जानकारी

उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए जंगल में अवैध कटाई नहीं करने की अपील की। उपसरपंच मिनेंद कुमार यादव ने भी वन में उपलब्ध बहेड़ा कोचिला अर्जूना छाल के चुर्ण बनाने पर जानकारी पर प्रकाश डाला गया। बैंगलोर से आए डॉ अब्दुल करीम और डा नूरी डायरेक्टर प्रत्युषा सभी ने धमनी जंगल में पाए जाने वाले वन उत्पाद बहेरा कोचिला अर्जूना सहित सहज मिलने वाले वन जड़ी-बूटी के विनाश विहीन विदोहन पर सविस्तर औषधीय गुणवत्ता पर प्राप्ति और उसके सही भाव में बेचने के लिए बाजार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी समूह की महिलाओं की जो महिला कमांडो दल से जुड़े है को जानकारी दी गई है। इसके क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण मुहैया कराने की जानकारी दी गई।

## वार्षिक उत्सव छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने का माध्यम: अरूण ताम्रकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

भूषण पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन टीम द्वारा मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां नर्सरी से लेकर सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें नन्हें नन्हें बच्चों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से बताया कि मोबाईल हमारे जीवन में हर क्षण क्या महत्व रखता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने मेधावी छात्र- छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव छात्र-छात्राओं के प्रतिभा निखारने का माध्यम है। जहां बच्चे खुलकर अपने अंदर छुपी प्रतिभा का प्रर्दशन करते हैं । इस अवसर पर उन्होंने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया । कार्यक्रम को चिन्मय दावड़े, शैली भाटिया, विनय गुप्ता, शशिभूषण गुप्ता, भूषण गुप्ता आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्कूल सिमगा के गीता पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सौरभ दुबे एवं दामाखेड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल के संचालक अशोक साहू का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

ग्राम अहिल्दा में फिरतराम साहू के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 21 दिसम्बर से प्रारंभ होकर जो 28 दिसंबर 2025 तक चलेगा। उक्त कार्यक्रम का कथा स्थल फिरतराम निवास अहिल्दा में चलेगा। कथा समय दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ होगा। भागवत कथा में परायणकर्ता पंडित पुरोहित कालीचरण पाण्डेय मुण्डा वाले द्वारा किया गया जायेगा। कथा वाचक पंडित गौरव जोशी नगोई बिलासपुर वाले रहेंगे। कथा प्रारंभ 21 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। कथा में परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, सूर्यवंश वर्णन, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र की कथा, उद्धव संवाद, चढ़ौत्री, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। भागवत कथा प्रारंभ के पूर्व भव्य कलश यात्रा फ़रित राम साहू के परिवारजनो एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों के द्वारा निकाली गई।

इस दौरान शिवकुमार, संजय, रामकुमार, भारती, सावित्री, सरिता कमलेश साहू, मुकुट राम, रामरतन, चुन्नीलाल, हवल, शिवप्रसाद, अनिल, जगतराम, गोलू, अक्षय, नितेश राकेश, मुकेश साहू, अंकित साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 21 से 28 दिसंबर तक चलेगा भागवत कथा सप्ताह



## ग्रामवासियों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

कलश यात्रा गांव के मुख्य गुड़ी चौक से होकर प्रमुख चौक, चौराहा से होकर मंदिर पहुंची। जिसके बाद भागवत की पूजा-अर्चना कर पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर कथा वाचक पंडित गौरव जोशी नगोई बिलासपुर वाले ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की जानकारी देते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म ही नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही शुभ कार्यो का उदय होता है। इसको सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त हो जाता है। उन्होने कहा कि भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संत कुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा वाचक पंडित गौरव जोशी ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते है। अंत में ग्रामीणों ने सामूहिक आरती कर प्रसाद का वितरण किया।

## खबर संक्षेप

### सुन्द्रावन में आयुष निशुल्क शिविर 23 को

**संडी बंगला** । आयुष विभाग जिला-बलौदाबाजार ने 23 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाजार चौक, ग्राम सुन्द्रावन ( विकासखंड - पलारी ) में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया है। शिविर प्रभारी डॉ. तारिका ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जनमानस का प्रकृति परीक्षण एवं रोग प्रतिरोधक काढ़ा वितरण भी किया जाएगा। शिविर में लैब टेक्निशियन भी उपस्थित रहेंगे जिनके द्वारा शिविर में आये मरीजों की निःशुल्क बीपी एवं शुगर की जांच की जाएगी। उन्होंने शहर के नागरिकों से आयोजित निःशुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की खुराक

नर्रा। पूरे भारत वर्ष में 21 दिसंबर को पोलियो दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधकक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में भी पल्स पोलियो दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के प्रभारी डिगेंद्र परमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 21, 22, 23 तीन दिनों तक चलाई जाएगी। प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बूथ स्तर पर बच्चों को दवाई पिलाई गई है। 22 व 23 दिसंबर द्वितीय एवं तृतीय दिवस छूटे हुए बच्चों को दल कर्मी द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## निधन

### रामचरण सैनिक

**बलौदाबाजार**। दामाखेड़ा निवासी रामचरण सैनिक (94) का 21 दिसंबर को अभी 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास गृहग्राम दामखेड़ा से 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे दामाखेड़ा मुक्तिधाम के लिए निकलेगा। वे प्रहलाद, स्व. जीतेन्द्र, धर्मेंद्र, राजेंद्र सैनिक के पिताजी एवं अनिल, मनोज सैनिक के बड़े पिताजी एवं सपन, सौरभ, चंदर, देवांश सैनिक के दादाजी थे।



# आयोजन : गुरु घासीदास जयंती पर गिरौदपुरी में लगा विधिक जागरुकता कैम्प

# नेशनल लोक अदालत से लाभ, महिला उत्पीड़न की रोकथाम सहित अन्य नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर तीर्थ स्थान गिरौदपुरी में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

जयंती पर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों एवं बाबा के अनुयायी बड़ी संख्या में गिरौदपुरी आते हैं, उन्हें विधि के प्रति जागरुक किये जाने तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के प्रयोजनार्थ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक जागरुकता कैम्प एवं विधिक सहायता केन्द्र का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत से लाभ, मध्यस्थता क्या है, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिये भरण - पोषण अधिनियम, बालकों के कानूनी अधिकार, भरण-पोषण महिलाओं के भरण पोषण संबंधी पति से अधिकार, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीड़न रोकने संबंधी कानूनी अधिकार, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के संबंध में जानकारी दी गई। निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सलाह, बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, बाल विवाह निवारण अधिनियम 1929, मानसिक अयोग्यता से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकार से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया है।

## लड़की को पहुंचाया, दिए कपड़े सहित अन्य सामान





### टोल फ्री नंबर की दी गई जानकारी

शिविर में श्वेता मिश्रा अध्यक्ष, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कसडोल द्वारा विधिक सहायता हेल्प डेस्क के माध्यम से गिरौदपुरी में आने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह दिये जाने के प्रयोजनार्थ पैरालीगल वॉलिंटियर्स केशव साहू, अश्वनी साहू, चन्द्रशेखर श्रीवास, हिमांशु, पीयूष साहू एवं ओजस्व अग्रवाल की ड्यूटी लगायी गई। पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा आने वाले जरुरतमंद व्यक्तियों को विधिक सलाह एवं विधिक सहायता के साथ-साथ नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 5000 नग पाम्पलेट का वितरण 600 व्यक्तियों को किया गया।

### अज्ञात घूमती लड़की को सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के थाने में गुमशुदा बच्चों की मॉनिटरिंग किये जाने के प्रयोजनार्थ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा पैरालीगल वॉलिंटियर्स को नियुक्त किया गया है। अजय वर्मा पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा प्राधिकरण को सूचना दी गई कि अंतर्गत थाना हथबंध में ग्राम रिंगनी के आसपास के ग्रामीणों ने एक अकेली लड़की घूम रही थी। उसकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें थाना हथबंद में लाया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम मनीषा बताया। पैरालीगल वालेंटियर अजय वर्मा के द्वारा उक्त लड़की के संबंध में अमिता जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार को जानकारी दी गई। उक्त लड़की को सुरक्षित रखे जाने के प्रयोजनार्थ, संबंधित थाना प्रभारी हथबंध को आवश्यक निर्देश देते हुए गरम कपड़े तथा नये कपड़े उपलब्ध कराया गया। उक्त लड़की को अस्थाई रूप से सुरक्षित रखे जाने महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग, से समन्वय स्थापित कर वर्तमान में वे सखी वन स्टॉप सेन्टर बलौदाबाजार में सुरक्षित रखा गया।

# बाबा गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा व पंथी नृत्य प्रतियोगिता 27 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल नगर में आगामी 27 दिसंबर को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं राज्य स्तरीय खड़ी पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कसडोल नगर के इतिहास में पहली बार सतनाम युवा मंच कसडोल के तत्वावधान में संपन्न होगा। सतनाम युवा मंच द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा सुबह 11 बजे मां कर्मा माता चौक, हाड़हापारा से प्रारंभ होकर बलराम चौक, अजगर चौक, डॉ. कन्हैया लाल शर्मा चौक, बाजार चौक, गायत्री चौक होते हुए बाबा गुरु घासीदास चौक पहुंचेगी। यहां पूजा-अर्चना के पश्चात शोभायात्रा का समापन शाम 5 बजे किया जाएगा।

- सतनाम युवा मंच के तत्वाधान में पहली बार होगा आयोजन

पूजा-अर्चना के पश्चात शाम 6 बजे से कसडोल नगर के दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय खड़ी पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पंथी नृतक दलों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 3,100 रुपये आयोजकों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सतनाम युवा मंच कसडोल के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इस संबंध में स्थानीय विश्राम गृह कसडोल में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख रूप से विनोद बंजारे, डेविड साहू, टेनिसन टंडन, प्रदीप डहरिया, हेमंत बघेल, मनीष महिलांगे, कमलेश महिलांगे, सुरेश मिरी, जीताराम नवरंगे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रामानुजन जयंती पर सशिमं में गणित मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में 20 दिसंबर को गणित मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अवधेश कुमार वर्मा एवं गणित व्याख्याता अर्जुन कश्यप तथा मुख्य वक्ता के रूप में भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष व शिक्षाविद टेसुलाल धुरंधर, महावीर शिक्षण समिति अर्जुनी के सचिव डमरूधर वर्मा, सहसचिव अरुण कुमार सेन, पंचायत के पूर्व सरपंच प्रमोद जैन तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती ओम एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ दीप मंत्र एवं मातृ वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा रामानुजन जी के छायाचित्र पर भी माल्यार्पण एवं दीपक जलाकर कार्यक्रम को अतिथियों ने गति दी।

तत्पश्चात प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा के द्वारा गणित मेला क्यों कैसे विषय पर विस्तृत जानकारी दिए फिर मंची कार्यक्रम जिसमें गणितीय डांस एवं स्वागत गीत सम्मिलित है इस कार्यक्रम में भैया बहनों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# नितिन ने किया अरहर के पत्तों से माउथ अल्सर की नई दवा का सफल शोध

पलारी। कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के एम.फार्मेसी के छात्र नितिन कुर्रे पिता सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस पलारी ने औषधीय क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शोध किया है। नितिन कुर्रे उन्होंने अपने शोध कार्य के अंतर्गत अरहर (तुअर) के पत्तों से मुँह के छालों (माउथ अल्सर) के उपचार के लिए एक प्रभावी औषधि विकसित की है। यह शोध प्राकृतिक एवं आयुर्वेदिक गुणों पर आधारित है, जिसमें अरहर के पत्तों में पाए जाने वाले औषधीय तत्वों का वैज्ञानिक विधि से अध्ययन किया गया। प्रारंभिक परीक्षणों में यह दवा मुँह के छालों में दर्द, जलन एवं सूजन को कम करने में उपयोगी पाई गई है। नितिन कुर्रे का यह शोध न केवल सस्ती और सुरक्षित चिकित्सा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण एवं सामान्य जन के लिए भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है। उनका यह नवाचार भविष्य में हर्बल मेडिसिन के क्षेत्र में नई संभावनाएँ खोल सकता है। कॉलेज के प्राध्यापकों एवं शोध मार्गदर्शकों ने इस उपलब्धि पर नितिन कुर्रे को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

# खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं: शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जिंदगी और क्रिकेट मैच दोनों में कम से कम एक बात सामान्य होती है। यह दोनों ही रोमांच से भरपूर रहते हैं। बाजी कभी भी पलट सकती है। बस हमको नई ऊर्जा के साथ लगातार संघर्ष करते रहना है। उक्त बातें भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शनिवार को नगर के रावणभाटा मैदान में चल रहे रात्रिकालनी क्रिकेट के समापन समारोह में कही।

क्रिकेट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते ही हैं बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी यह जीवन की आवश्यकता है। खेल अनुशासन सीखता है और अनुशासित व्यक्ति को जिंदगी में हार, दुख, परेशानियां नहीं डरा सकती वो हर स्थिति का डट कर मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है। इसलिए सभी को खेलना भी चाहिए और खेलों से सीख भी लेनी चाहिए।



### ये रहे उपस्थित

शिवरतन शर्मा ने विनर टीम को ट्राफी एवं प्राइज राशि एवं उप विजेता को आगे और अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनायें दी। साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। शिवरतन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समापन समारोह में जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुनील यद्धु, सभापति बाल गोविन्द पटेल, कमेंटिटर दुर्गेश यद्धु, योगेंद्र यद्धु, माखन साहू, नानक साहू, सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** - 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण**- 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर ।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि